प्रातः कालीन दैनिक हिन्दी
जोधपुर, जयपुर, पाली, ब्यावर, जालोर, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, फलोदी, बीकानेर, भीलवाड़ा टोंक से एक साथ प्रसारित

# मधुहीर राजस्थान

WWW.MADHUHEERRAJASTHAN.COM RAJHIN28095 MADHUHEERRAJASTHAN@GMAIL.COM

वर्ष 01 | अंकः 33 | सम्पादकः बहादुर सिंह चौहान | मो.-7737680371, 9530343402 | जोधपुर, शुक्रवार, 26 अप्रेल, 2024 | वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया, संवत् 2081 | जोधपुर से प्रकाशित | पृष्ठ 06 | मूल्य 3.00

# प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर वोटिंग आज

## दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की साख दांव पर, जीत-हार का फैसला 2.80 करोड़ से ज्यादा वोटर्स तय करेंगे

संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर कल यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। इन 13 में से 2 सीटें ऐसी हैं, जहां दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे मैदान में हैं। इन दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इन दो उम्मीदवारों के अलावा 150 और उम्मीदवार मैदान में है, जिनकी जीत-हार का फैसला 2.80 करोड़ से ज्यादा वोटर्स तय करेंगे।

दूसरे चरण में वोटिंग प्रतिशत अच्छा रहे इसके लिए निर्वाचन आयोग ने भी कई नवाचार अपनाए हैं। सवाई माधोपुर में व्यापार मंडल के साथ मिलकर वोटर्स को लुभाने का प्रयास किया गया है। इसके तहत सवाई माधोपुर शहर के 30 से ज्यादा व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर 5 से 20 फीसदी तक छूट देने का ऐलान किया है।

निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान की इन 13 लोकसभा सीटों पर कुल 2 करोड़ 80 लाख 78 हजार 399 वोटर्स है जो कल अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए राजस्थान के 13 लोकसभा क्षेत्र में कुल 28 हजार 756 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। कल होने वाले चुनाव में दो सीटें बाड़मेर और बांसवाड़ा ऐसी है जहां दिलचस्प त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। वहीं मौजूदा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी चुनावी मैदान में हैं।




### वसुंधरा-गहलोत की प्रतिष्ठा दांव पर

राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे की प्रतिष्ठा भी इन दूसरे चरण के चुनाव में दांव पर है। झालावाड़-बारां सीट से वसुंधरा के बेटे और मौजूदा सांसद दुष्यंत सिंह बीजेपी से उम्मीदवार है, जहां उनका सामना कांग्रेस की उर्मिला जैन भाया से है। वहीं जालोर-सिरोही सीट से अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत कांग्रेस से मैदान में है, जहां उनका मुकाबला बीजेपी के लुंबा राम चौधरी से है।

### इन सीटों पर होगा चुनाव

राजस्थान में दूसरे चरण में जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालोर, राजसमंद, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, टोंक-सवाई माधोपुर, कोटा, झालावाड़-बारां सीटों पर मतदान होगा।

### 152 उम्मीदवार है मैदान में

इन 13 सीटों पर भी चुनाव बड़ा दिलचस्प है। इन सभी सीटों पर 152 उम्मीदवार मैदान में है, जिनके भाग्य का फैसला 26 अप्रैल को ईवीएम में बंद होगा। इन 13 सीटों में सबसे ज्यादा 18 उम्मीदवार चित्तौड़गढ़ सीट पर है, जिसके कारण इस सीट पर बने हर पोलिंग बूथ पर 2-2 ईवीएम मशीनें लगाई जाएगी। सबसे कम 7 उम्मीदवार झालावाड़-बारां सीट पर है।

### 8.66 लाख वोटर पहली बार डालेंगे वोट

राजस्थान की 13 सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले चुनावों में 8 लाख 66 हजार 326 वोटर्स 18 से 19 साल है। इनमें 5 लाख 7 हजार 577 वोटर्स युवक हैं, जबकि 3 लाख 58 हजार 739 वोटर्स युवतियां हैं, जबकि 9 वोटर्स थर्ड जेंडर हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जोधपुर में निकाले ऑफर



### होटल, बेकरी और कैफे में 20 से 30 प्रतिशत का डिस्काउंट, बूथों पर दल रवाना

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर कल मतदान होगा। वोटिंग के लिए गुरुवार को मतदान दल ईवीएम, वीवीपेट, रिकॉर्ड व अन्य निर्वाचन सामग्री के साथ बूथ के लिए रवाना हो गए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जोधपुर में कई तरह के ऑफर भी निकाले जा रहे है। होटल और कैफे पर खाने पर डिस्काउंट दिया जाएगा। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय परिसर जोधपुर (महिला एवं पुरूष) में ट्रेनिंग के बाद मतदान दलों को ईवीएम, वीवीपेट, रिकॉर्ड व अन्य निर्वाचन सामग्री के वितरित की गई। इसके बाद बूथों के लिए मतदान दल रवाना हुए।

### होटल और मार्केट में मिलेगा डिस्काउंट

मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जोधपुर में कई तरह के ऑफर भी निकाले जा रहे है। जोधपुर के आईटीसी वैल्कम ग्रुप होटल वॉटर्स को कल 20 प्रतिशत डिस्काउंट देगा। वहीं इंडाना पैलेस होटल भी फूड पर 20 प्रतिशत डिस्काउंट देगा। इसके अलावा पेटी पेरिज बैकरी, 20 प्रतिशत व ला पीनो पीज्जा 30 प्रतिशत तो वहीं रिकॉआ कैफे 10 प्रतिशत तक डिस्काउंट देगा। जोधपुर में त्रिपोलिया मार्केट के व्यापारी भी वोट देकर अपनी उंगली पर स्याही का निशान दिखाने वाले ग्राहक को डिस्काउंट देंगे।

### ईवीएम, वीवीपेट, रिकॉर्ड और अन्य निर्वाचन सामग्री बांटी

मतदान दलों को मतदान सामग्री जिसमें ईवीएम, वीवीपेट, रिकार्ड अन्य निर्वाचन सामग्री का वितरण तृतीय प्रशिक्षण स्थल पर विधानसभा वार टैंट लगाए गए थे। यहां सहायक रिटर्निंग अधिकारी की मॉनिटरिंग में पोलिंग बूथवार मतदान दलों की बैठक व्यवस्था की गई। और ट्रेनिंग के बाद दलों की रवानगी हुई।

## न्यूज फ्लैश

### वायु सेना का टोही विमान जैसलमेर में हुआ क्रैश

#### शहर से 30 किमी दूर जाजिया गांव के पास गिरा, बॉर्डर एरिया पर निगरानी कर रहा था

संवाददाता



**जयपुर।** जैसलमेर से 30 किमी दूर भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार सुबह 10 बजे के करीब पिथला-जाजिया गांव के पास भोजाणियों की ढाणी के पास हुआ। हालांकि हादसे में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। वायुसेना के अधिकारी क्रैश के कारणों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह यूएवी एयर क्राफ्ट है जो मानव रहित होता है और बॉर्डर एरिया पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के काम आता है। यह बॉर्डर एरिया में लगातार घूमता है और निगरानी करता है। इससे पहले भी ये क्राफ्ट तकनीकी खामी के चलते क्रैश हो चुके हैं।

# 119 मोबाइल वेन को गुगल मैप पर किया मैपिंग


## बूथ से शिकायत आने पर तुरंत पहुंचेगी, 4000 पुलिसकर्मी तैनात

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में लोकसभा चुनाव को लेकर नवाचार किया गया है। इस बार फील्ड में तैनात पुलिस की मोबाइल वेन को गूगल मैप पर मैपिंग किया गया है। अभय कमांड सेंटर तैनात टीम पर इन वैन पर नजर रखेगी और कंट्रोल रुम पर कही से भी सूचना आने पर तुरंत नजदीकी वैन को रवाना करेंगी।

ऐसे में पुलिस किसी भी घटना के समय क्विक रिस्पॉन्स देगी और तुरंत बूथ पर पहुंच जाएगी। लोकसभा चुनाव को शांति से सम्पन्न करवाने और कही से भी शिकायत आने पर तुरंत पुलिस का जाब्ता पहुंचने की व्यवस्था की गई है।

एसीपी नरपत सिंह ने बताया कि पुलिस की क्विक रिस्पोंस के लिए मोबाइल वेन का लाइव ट्रेकिंग सिस्टम इस बार जनरेट किया है। चुनाव के चलते जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 119



मोबाइल वेन तैनात की है। ऐसे में सभी का लाइव लोकेशन अभय कमांड सेंटर पर रहेगा। और अभय कमांड सेंटर पर तैनात टीम मॉनिटरिंग करेगी ।

**285 संवेदनशील व अतिसंवेदशील बूथ**

जोधपुर लोकसभा में कुल 285 संवेदनशील बूथ है। इसमें से 176 बूथ पर एक्सट्रा सीएपीएफ और आर्म पुलिस को तैनात किया है। शेष बूथों पर वेब कास्टिंग और मोबाइल वेन व माइक्रो ऑबजर्वेशन से मॉनिटरिंग करेंगे।

**4000 पुलिसकर्मी डिप्लॉएड**

नरपत सिंह ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में 4000 पुलिस कर्मी तैनात है। बूथ लेवल पर डिप्लॉय होने के साथ संवेदन शील व अतिसंवेदनशील बूथ पर एक्स्ट्रा होमगार्ड भी डिप्लॉय किए गए है। साथ ही सीएपीएफ का जाप्ता भी रहेगा। पुलिस मोबाइल टीम में चार जाब्ता तैनात रहेगा साथ ही 19 अधिकारियों को 15 पुलिसकर्मी का जाप्ता दिया गया है।

हर विधानसभा क्षेत्र में 32 का जाब्ता तैनात किया गया है। डीसीपी इस्ट व वेस्ट के पास 75 पुलिसकर्मियों का जाब्ता रहेगा। 1 हजार से ज्यादा होमगार्ड तैनात रहेंगे। 100 से अधिक वोटर होमगार्ड व 600 से अधिक पैरा मिलट्री की फोर्स तैनात रहेगी। और लाइन में भी जाब्ते को रिजर्व रखा गया है। कुल चार हजार पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

### लोकसभा आम चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण में सात महिला उम्मीदवार अपना रही चुनावी भाग्य



संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण में सात महिला उम्मीदवार अपना चुनावी भाग्य आजमी रही हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार दूसरे चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सहित अन्य दलों एवं निर्दलीयों सहित 152 प्रत्याशी अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं उनमें सात महिला प्रत्याशी शामिल हैं।

### 13 लोकसभा सीटों पर शांतिपूर्ण होगा आज मतदान

### 85 हजार पुलिसकर्मी, केंद्र की 175 कंपनियां, 18 हजार होमगार्ड रहेंगे तैनात

संवाददाता

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के रण में दूसरे चरण के तहत राजस्थान की टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सहित 13 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। दूसरे चरण के मतदान को लेकर राजस्थान में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर विशाल बंसल शांति और कानून- व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। दूसरे चरण में 13 सीटों पर होने वाले चुनाव में करीब 85 हजार राजस्थान पुलिसकर्मियों के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कंपनियां, राजस्थान शहरी-ग्रामीण होम गार्ड के 18 हजार 400 और बॉर्डर होम गार्ड के 1600 जवानों को तैनात किया गया है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर हथियारबंद जवानों का अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया है। मतदान से पहले धन बल के बूते चुनाव प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए पुलिस की ओर से 1800 उड़नदस्ते गठित किए हैं, जो लगातार चौबीस घंटे निगरानी रख रहे हैं।




## राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ होम वोटिंग, 98 प्रतिशत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

### *राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 73 हजार 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया*

संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 73 हजार 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 38 हजार 274 ऐसे मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का उपयोग किया जबकि प्रथम चरण के तहत 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग वाले मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार



घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान किया। उन्होंने बताया कि इस विकल्प के तहत सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73 हजार 799 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 56 हजार 691 बुजुर्ग तथा 17 हजार 108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इस दौरान 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने तथा 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से उनका मतदान नहीं हो सका।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक ने मतदान किया है। अब तक कुल 38 हजार 274 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। इनमें 26 हजार 569 बुजुर्ग जबकि 8956 दिव्यांग मतदाता है। 418 मतदाताओं की मृत्यु हो गयी तथा 614 मतदाता घर पर नहीं मिले।

# मतदाताओं के लिए ग्रीन कारपेट बिछा मतदान केन्द्र को बनाया आकर्षण का केन्द्र




मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बाड़मेर, (असरफ मारोठी)।** मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन को उत्सव का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में तैयार किए आदर्श मतदान केंद्र।

इन मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित सुविधाओं के अलावा आकर्षक प्रवेश द्वार, प्रतीक्षा परिसर में बैठक की पर्याप्त व्यवस्था, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था एवं थीम आधारित विशेष आकर्षक साज-सज्जा भी की गई है। प्रवेश द्वार से बिछे ग्रीन कारपेट व अंदर तक की गई सजावट ने इस मतदान केंद्रों के स्वरूप को ही बदल दिया।

बाड़मेर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन के मार्गदर्शन में आदर्श मतदान केंद्रों को सजाकर आकृर्षक बनाने का प्रयास किया गया है। मतदाताओं का मतदान के प्रति रूझान हो, इसके लिए हरसंभव कोशिश की गई है।

विशिष्ट थीम के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रड़वा मतदान केन्द्र



संख्या 175 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया है जहां मतदाताओं के लिए ग्रीन कारपेट बिछाया गया है।

## वेब कास्टिंग कंट्रोल रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

# कैमरे की नजर में रहेंगे 1135 मतदान केंद्र

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बाड़मेर, (असरफ मारोठी)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संचालित इंटीग्रेटेड वॉर रूम तथा मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेबकास्टिंग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 50 प्रतिशत बूथों की वेबकॉस्टिंग के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने



वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था तथा वॉर रूम में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह पुरोहित समेत सभी अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कैमरा की नजर में रहेंगे 1135 मतदान केंद्र

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 1135 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की जाएगी। वेब कास्टिंग के जरिए दूर दराज स्थित मतदान केंद्र की हर गतिविधि पर जिला मुख्यालय से नजर रखी जा सकेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबद्ध अधिकारियों द्वारा इस तकनीकी सुविधा के माध्यम से बूथ की गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जा सकेगा। जिले में कुल 2254 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 1135 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग के जरिए कैमरे से पैनी निगाह रखी जाएगी।

## कार बाइक भिड़ंत बाइक सवार भाई बहन की मौके पर मौत



### कार बाइक भिड़ंत में 40 फीट तक उछलकर गिरे बाइक सवार भाई बहन के शव

मधुहीर राजस्थान

**देसूरी (जगदीश सिंह सिसोदिया)।** नाडोल नारलाई मेगा हाईवे पर गुड़ा पृथ्वीराज के पास दोपहर में बाइक एवं कार कि भिड़ंत बाइक सवार दो भाई बहन की मौके पर मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर में नारलाई से आशापुरा नाडोल की तरफ जा रहे बाइक सवार भाई बहन को कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों भाई बहन कि मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही ग्रामीण एवं पुलिस मौके पर पहुंचे एवं दोनों शवों को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मौका निरीक्षण कर जांच प्रारंभ कर दी है।



गौरतलब है कि इस जगह जब भी हादसा होता है तो हमेशा ही मौके पर मौत होती आई है प्राप्त जानकारी के अनुसार देवासी समाज के सांसरी गांव निवासी भाई बहन मामा धनी ढेलडी दर्शन कर आशापुरा माताजी दर्शन करने नाडोल जा रहे थे। इस दरमियान नाडोल से 5 किलोमीटर पहले गुड़ा पृथ्वीराज के पास दुखद हादसे में दोनों भाई-बहन की मौत हो गई की मौत हो गई।

# बाड़मेर जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया 'मतदान केन्द्रों का निरीक्षण'

## निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाए चुनाव:निशांत जैन

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बाड़मेर, (असरफ मारोठी)।** बाड़मेर, 25 अप्रैल, लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने आज गुरूवार को मेघवालों की ढाणी, कुडला और भुरटिया स्थित मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर आमजन से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करे हुए शत प्रतिशत मतदान करवाने का दिया निर्देश।

उन्होने दिव्यांग जनों और वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो, इनका विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। उन्हे प्राथमिकता के साथ





मतदान करने की अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरन्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी के संज्ञान में लाएं। मतदान केन्द्रों पर ड्यूटी में लगे कार्मिकों व राजनैतिक दलों के अभिकताओं के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश न दें। उन्होने मतदान दलों के ठहराव के लिए की गई व्यवस्थाओं पर सन्तोष जाहिर किया। उन्होने स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपुर्ण चुनाव प्रक्रिया संपादित करने के निर्देश दिये। तथा मतदान संपन्न होने के पश्चात बिना कही ठहराव किये ईवीएम एवं वीवीपेट को सुरक्षित जमा करवाने के निर्देश दिए। निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की कौताही ना बरते, इस दौरान उन्होने विभिन्न स्थानों पर स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) द्वारा की जा रही नाकेबन्दी का जायजा भी लिया। उन्होने कहा कि एसएसटी टीमों द्वारा अवैध सामग्री की जप्ती की कार्यवाही जारी रखें।

# न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल की टक्कर से एक एक घायल

मधुहीर राजस्थान

**फलोदी।**फलोदी जिले के मतोड़ा पुलिस थाने के ओमपुरा जाखण गांव की सरहद में एक मोटरसाइकिल की टक्कर से एक जना गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पेकाराम उर्फ बाबूराम पुत्र उदाराम मेघवाली निवासी ओमपुरा जाखण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि ओमपुरा जाखण निवासी जीतूसिंह पुत्र जसवंतसिंह राजपूत ने तेज गति से मोटरसाइकिल चलाकर उसके भाई के टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर टूट गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



## जिले में शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने केलिए मतदान दल गतंव्य स्थलों के लिए रवाना

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जैसलमेर ।** संसदीय क्षेत्र जोधपुर के विधानसभा क्षेत्र पोकरण एवं संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के विधानसभा क्षेत्र जैसलमेर के मतदान केन्द्रों पर शुक्रवार 26 अप्रेल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य सम्पन्न करानें के लिए गुरुवार को एसबीके राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तृतीय एवं अन्तिम प्रषिक्षण प्राप्त करने के पष्चात विभिन्न काउण्टरों से ईवीएम मषीन, वीवीपेट के साथ ही अन्य मतदान सामग्री प्राप्त कर आवंटित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो गये है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रताप सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संसदीय क्षेत्र जोधपुर के विधानसभा क्षेत्र पोकरण के लिए 308 एवं संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के विधानसभा क्षेत्र जैसलमेर में 387 मतदान दल लोकसभा चुनाव कराने के लिये उन्हें आवंटित वाहनों में बैठ कर गन्तव्य स्थलों के लिये रवाना हो गये है एवं वे 26 अप्रेल को मतदान का कार्य सम्पन्न करावाएगें।



## पूरे गांव में डुंडी पीटा कर मतदाताओ को वोट के प्रति किया जागरूक

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**चंडावल(निरंजन सिंह गहलोत)।** चंडावल नगर में मतदाताओ को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए पूरे गांव में डुंडी पीटा कर जागरूक किया गया, कल 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए वोट देने जरूर आने का सभी को आह्वान किया गया । बी एल ओ सुरेश कुमार परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कल होने वाले लोक सभा चुनाव की तैयारिया पूरी कर दी गई है । पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकी है । प्रातः 7 बजे से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो की सांय 6 बजे तक चलेगी । चंडावल नगर में दो मतदान केंद्रों पर कुल 5 बूथ बनाए गए हैं भाग संख्या 88,89 और 90 का मतदान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंडावल में होगा तथा भाग संख्या 91 और 93 के मतदान राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय चंडावल में होंगे ।

## ब्रिज भूमि ताइक्कांडो लीग 27 से, पोस्टर का विमोचन

**जोधपुर।** राजस्थान रंग स्पोर्ट्स इवेन्ट मैनेजमेंट कम्पनी द्वारा 27 व 28 अप्रैल को भरतपुर में ब्रिज भूमि ताइक्कांडो लीग आयोजित की जाएगी। इसके पोस्टर का विमोचन पाज़ ताइक्काडो अकादमी में किया गया। पाज़ ताइक्कांडो अकादमी के मैनेजर धर्मेन्द्र मरेठा ने बताया कि राजस्थान रंग के कॉर्डिनेटर व अन्तरराष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी मोहम्मद आसिफ मोयल सहित ताइक्कांडो प्रशिक्षकों ने पोस्टर विमोचन समारोह में भाग लिया।



## आपरेशन (ओपीएस) अनामिका अभियान के तहत 51 बिना नंबरी वाहनों व 77 काले शीशे लगे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही

# अब तक कुल 423 वाहनों के विरूद्ध की कार्यवाही

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बाड़मेर, (असरफ मारोठी)।** जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने



बताया कि लोकसभा चुनाव, 2024 निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने हेतु पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज जोधपुर के निदेर्शानुसार बिना नंबरी वाहनों व काले शीशे लगे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाया जा रहा ऑपरेशन ओपीएस अनामिका अभियान के तहत पुलिस मोबाईल पाटीयों, नाका स्थलो व एफएस/एसएसटी टीमो द्वारा बिना नंबरी व काले शीशे लगे वाहनों के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत की जा रही कार्यवाही अभियान मे पिछले 24 घंटे मे 51 बिना नंबरी वाहनों व 77 काले शीशे वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अब तक कुल 251 बिना नंबरी वाहनों व 172 काली फिल्म लगें वाहनों के विरूद्ध की कार्यवाही।

जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के मध्यनजर बिना नम्बरी वाहनो, काले शीशे लगे वाहनों पर कड़ी निगरानी रखते हुए सधन चैकिग की जा रही है। मौके पर ही वाहनो के शीशो पर लगी काली फिल्मों को हटाया जा रहा है। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जा रही है कि अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नम्बर आवश्यक रूप से लगावे तथा चार पहिया वाहन बिना नम्बर/काले शीशे लगे वाहन का संचालन नही करें। ऐसे वाहन पाये जाने पर वाहन चालको के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल एवं मेला लाभार्थी फुलफगर ने दो दिवसीय मेले के सफल आयोजन पर ट्रस्ट कमेटी, ग्रामीणो एवं पुलिस प्रशासन का किया आभार व्यक्तः ओसवाल



मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**देसूरी (जगदीश सिंह सिसोदिया)।** श्री सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी जुनीधाम के तत्वाधान एवं सौणाना ग्रामीणों के सहयोग से 8 व 9 अप्रैल आयोजित दो दिवसीय मेले के सफल आयोजन को लेकर भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल मेला लाभार्थी श्रीमती पुष्पाबाई कांतिलाल जयेशकुमार फुलफगर परिवार ने मेले के सफल आयोजन को लेकर श्री सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट



कमेटी सोनाणा जुनीधाम, समस्त सोणाना ग्रामीणो एवं पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### इनका कहना है

भक्तराज रमेश ओसवाल ने बताया कि श्री सोनाणा खेतलाजी जुनी धाम आधार स्तंभ प्रेरणा स्त्रोत स्वर्गीय ओंकारमल नानचंद भंडारी के दिव्य आशीष से भव्य दो दिवसीय मेले का भव्य व सफल आयोजन होने पर समस्त ट्रस्ट कमेटी पदाधिकारी, सदस्य समस्त सोणाना के ग्रामीणों एवं मेले में सहयोग करने वाले पुलिस एवं प्रशासन , जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूं।

**रमेशकुमार ओसवाल, भक्तराज**
**श्री सौणाना खेतलाजी जुनीधाम**

दो दिवसीय मेले के सफल आयोजन पर समस्त ट्रस्ट कमेटी पदाधिकारी सोनाणा गांव के ग्रामीणों पुलिस एवं प्रशासन सहित सभी मेले में पधारे सभी भक्तों श्रद्धालुओं का सफल एवं भव्य आयोजन पर सहयोग करने पर हार्दिक आभार एवं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं ।

## दैनिक मधुहीर राजस्थान की खबर का असर

# जिस गाड़ी का नम्बर नजर नहीं आता, वह गाड़ी सड़क पर नजर नहीं आने देंगे: महानिरीक्षक पुलिस

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**फलोदी(पारस लूंकड़)।**विकासकुमार, महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज, द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जोधपुर रेंज में बिना नम्बरी वाहनों एवं शीशे पर काली फिल्में लगे वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु रेंज स्तरीय ऑपरेशन ₹ऑप्स अनामिका₹ चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रवृति के लोगों द्वारा बिना नम्बरी एवं शीशे पर लगी काली फिल्म वाले वाहनों का प्रयोग किया जाता है, जिससे चुनाव के मध्यनजर भय का माहौल उत्पन होता है। इस प्रकार के भय के माहौल को खत्म करने के उदेश्य से ऑपरेशन ₹ऑप्स अनामिका' चलाया जा रहा है। ताकि रेंज में शांति पूर्ण मतदान सम्पन हो सकें। ऑपरेशन ₹ऑप्स अनामिका₹ के तहत समय सीमा बनाकर जोधपुर रेंज के जिलों को बिना नम्बरी वाहनों से मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। अभियान के सम्बंध में जोधपुर रेंज के समस्त थानाधिकारियों से ₹ थाना क्षेत्र में कोई भी वाहन बिना नम्बरी नही है₹ इस बाबत प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाएगा। आईजीपी ने बताया कि



**वाहनों के काले शीशे हटाने के आदेश की उड़ रही धज्जियां**

परिवहन विभाग भी बना हुआ निष्क्रिय

मधुहीर राजस्थान न्यूज

फलोदी (पारस लूंकड़)। निवर्तमान पुलिस अधीक्षक हनुमानप्रसाद मीणा ने दो माह पूर्व जिले के सभी पुलिस थानों को वाहनों के लगे काले शीशे हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन जिले भर में इस आदेश की धज्जियां उड़ रही है। जिले के किसी भी पुलिस थाने ने अब तक इस आदेश की शायद ही पालना की है।

जिला मुख्यालय फलोदी शहर सहित पूरे जिले में काले शीशे लगे सैकड़ो वाहन सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ते नजर आ रहे हैं, लेकिन जिलेभर की पुलिस इस मामले में आंखें मूंदे हुई है। पूरे जिले में पुलिस ने अब तक शायद ही एक भी वाहन के काले शीशे नहीं हटाए हैं। पुलिस को पुलिस अधीक्षक के सख्त आदेश का शायद इंतजार है।

दूसरी ओर परिवहन विभाग भी जिले में निष्क्रियता का इतिहास रच रहा है। जिले भर में कानून कायदे के विरुद्ध लाल पट्टियां लगे सैकड़ों वाहन भी बेरोक-टोक सड़कों पर सरपट दौड़ते नजर आ रहे हैं। साथ ही जिले में हर तीसरे वाहन पर काले शीशे लगे हुए हैं, लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को ये सब खेल नजर नहीं आ रहा है। उन्हें चौराहों एवं मार्गों में खड़े रहकर नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए फुर्सत नहीं है, लेकिन जेबें गर्म करने के मामले में उनकी पूरी मुस्तैदी दिखाई देती है।

सड़क सुरक्षा सप्ताह या माह में मात्र फोटो खिंचवाकर अपनी कर्तव्य निष्ठा का अच्छा खासा प्रदर्शन करने के मामले में भी ये अधिकारी व कर्मचारी सबसे अव्वल हैं।

अब देखना यह है कि जिले के कलक्टर व एसपी इस मामले में कब व कितने सख्त होकर नियमों की पालना सुनिश्चित कराएंगे तथा काली करतूत पर लगाम लगाएंगे।

वाहन/वाहन चालकों के समस्त दस्तावेजों को चैक किए जाकर, दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में वाहन को एम.वी. एक्ट के तहत नियमानुसार सीज/डिटेन किया जाकर, वाहन की अग्रिम आवश्यक कार्रवाई सम्बंधित न्यायालय से सम्पादित कराई जाएगी। बिना नम्बर प्लेट/बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों एवं नम्बर प्लेट पर अंकित अन्य लोगों / नाम लिखे वाहनों को धारा 207 एम.वी. एक्ट के तहत सीज्ड किया जाकर अग्रिम कार्रवाई संबंधित न्यायालय से कराकर रिलीज ऑर्डर जारी होने पर ही सीज्ड वाहन रिलीज किया जाएगा। काले शीशे लगे वाहनों का एम.वी. एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाकर मौके पर ही वाहन के शीशे पर लगी काली फिल्म को हटाया जा रहा है। बिना नम्बरी/काले शीशे वाले वाहनों को रूकवाया जाकर विशेष रूप से सघन चैकिंग की जाकर संदिग्ध व्यक्तियों तथा वस्तुओं का परिवहन न हो, इस सम्बंध में भी चैकिंग की जाकर संदिग्ध पाए जाने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नम्बर प्लेट वाहनों में कसी हुई हो, स्लाईडिंग नहीं हो इस बाबत भी थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ₹ऑप्स अनामिका₹ अभियान के दौरान की गई।

### कार्रवाई का विवरण

आईजीपी ने बताया कि जोधपुर रेंज में 625 बिना नम्बरी वाहनों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट के तहत कार्रवाई की जाकर जब्त किए गए। जिसमें जिला जोधपुर ग्रामीण 95, फलोदी 79, बाड़मेर 237, बालोतरा 95 व जैसलमेर 120 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जाकर जब्त किए गए। जोधपुर रेंज में 1091 शीशे पर लगी काली फिल्म के वाहनों के विरूद्ध एम.वी. एक्ट के तहत कार्रवाई की जाकर मौके पर ही काली फिल्में हटाई गई। जिसमें जिला जोधपुर ग्रामीण 312, फलोदी 199, बाड़मेर 163, बालोतरा 42 व जैसलमेर 375 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

## संपादकीय

## लोकतंत्र महापर्वः दूसरा चरण आज

प्रदेश का लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण आज है। 26 तारीख को सबसे पहले स्वयं मतदान करे , फिर अपने परिवार जनो, आस पडौस तथा मुहल्ले वासियो का मतदान करवाना सुनिश्चित करे । यह आपका कर्तव्य हैं। आप यह भी प्रयास करे कि आपके क्षैत्र का मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत हो।

अपने मतदान के साथ थोडा समय दान देकर शत प्रतिशत मतदान करवाने मे सहयोग जरूर करे। लोगों से राष्ट्र हित में मतदान करने के लिए प्रेरित जरूर करें। वोट डालना आपका अधिकार ही नहीं आपका कर्तव्य भी है आपको वोट डालना चाहिए वह दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए आपका वोट नहीं डालने से गलत लोग चुने जाने की संभावना ज्यादा रहती है। शत प्रतिशत मतदान होगा या लगभग होगा।

कांग्रेस जहां प्रचार अभियान समाप्ति के अंतिम दिन भी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अपने स्टॉर प्रचारकों को फील्ड में नहीं झोंक पाई। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा ओर उनकी गारंटिया ओर राजस्थान की भजनलाल सरकार के 90 दिन की उपलब्धियां भाजपा के चुनाव अभियान का मुख्य केन्द्र रही। भाजपा के राष्ट्रवादी विचारधारा ओर विकसित भारत के सपने से प्रभावित हुए या कांग्रेस की रोजगार दिलाने, महंगाई नियंत्रित करने ओर विकास कार्य कराने की बात पर भरोसा किया यह तो 4 जून को चुनाव परिणाम ही बताएंगे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रचार अभियान थम चुका है। इन 13 सीटों पर वोट पड़ते ही राजस्थान में लोकसभा चुनाव में मतदान का कार्य पूर्ण हो जाएगा अब ये मतदाताओं के उपर निर्भर है कि वह किसके वायदों पर अधिक भरोसा करते है ओर किस के दावे उन्हें प्रभावित करते है। यहां बात ये नहीं है कि मतदाता किसके पक्ष में मतदान करेंगे बल्कि मुद्दा ये है कि मतदाता वोट देने के लिए मतदान केन्द्र तक अवश्य पहुंचे। प्रथम चरण में अपेक्षाकृत कम मतदान ने राजनीतिक दलों की नींद उड़ाने के साथ चुनाव के प्रति मतदाता की उदासीनता को भी परिलक्षित किया। इसके बाद से चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों के साथ निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान को गति दी है। भाजपा या कांग्रेस पसंद नहीं आए तो किसी निर्दलीय या नोटा को भी वोट देकर आए पर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। मतदान हमारी राजनीतिक जागरूकता का परिचायक होने के साथ नागरिक कर्तव्य भी है। हम यदि किसी भी कारण से मतदान नहीं करेंगे तो फिर जो जीत कर जाएंगे उन्हें कामकाज में खामियों के लिए दोषी ठहराने के भी हकदार नहीं होंगे।

> **प्रथम चरण में अपेक्षाकृत कम मतदान ने राजनीतिक दलों की नींद उड़ाने के साथ चुनाव के प्रति मतदाता की उदासीनता को भी परिलक्षित किया।**

लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में जनता का महत्व होता है।

# स्वस्थ लोकतंत्र में मतदान और मतदाता की भूमिका


लेखक की नजर से...

डॉ. राकेश वशिष्ठ



> **हर जागरूक नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह मतदान की प्रक्रिया में दिलचस्पी रखे और स्वेच्छा से अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे उसके प्रतिनिधि के रूप में सही नेता का चुनाव किया जा सके। लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण के लिए और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शत प्रतिशत मतदान होना बेहद जरूरी है।**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। चूंकि देश की आजादी के बाद सबसे बड़ी क्रांति यह थी कि लोक सभा तथा राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन के लिए सार्वजनिक वयस्क मताधिकार को अपनाया गया। घोर पिछड़ेपन, घोर दरिद्रता तथा घोर निरक्षरता वाले, नए-नए स्वाधीन हुए देश में हर नागरिक को जिसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो (अब घटाकर 18 कर दी गई है) और जो किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा अयोग्य न हो, वोट का अधिकार देना संविधान निमार्ताओं के लिए एक बहुत बड़ी आस्था और जनसाधारण में विश्वास का काम था (अनुच्छेद 326)। अनुच्छेद 324 कहता है कि एक निर्वाचन आयोग होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में जनता का महत्व होता है। जनता ही अपने नेता का चुनाव करती है और जनता अपने नेता का चुनाव मतदान के जरिए करती है। इसलिए लोकतांत्रिक व्यवस्था मैं मतदान बेहद महत्वपूर्ण होता है। हर जागरुक नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह मतदान की प्रक्रिया में दिलचस्पी रखे और स्वेच्छा से अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे उसके प्रतिनिधि के रूप में सही नेता का चुनाव किया जा सके। लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण के लिए और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शत प्रतिशत मतदान होना बेहद जरूरी है। इसी के जरिए लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। भारतीय नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। स्वतंत्र मतदान हर भारतीय नागरिकों का एक वैधानिक अधिकार है। लेकिन भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में मतदान का प्रतिशत दिन-ब-दिन घटता जा रहा है। लोगों के मन में मतदान को लेकर उदासीनता भी देखने को मिल रही है। जिससे प्रबुद्धजनों और राजनेता भी चिंतित हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है क्योंकि यदि उदासीनता बढती गई तो लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण होता जाएगा और भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे तो फिर लोकतांत्रिक जीवन की समाप्ति हो जाएगी। सवाल कभी-कभी यह भी आता है कि क्या मतदान को अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए और जो लोग मतदान न करें उन्हें दंडित किया जाये? लेकिन फिलहाल भारत में मतदान को कानूनी स्तर पर अनिवार्य नही बनाया गया है, लेकिन विश्व के अनेक देशों में मतदान को अनिवार्य कर दिया गया है। भारत में मतदान को लेकर उदासीनता देखी जा रही है, जिसकी वजह कही न कही यह है कि हमारे नेता अपनी जनता की कसौटी पर खरे नही उतर रहे हैं। जनता जो भी अपेक्षाएं अपने नेता से होती है वो उन पर खरे नही उतर पा रहे है। जिससे जन मानस के मन में सरकार के प्रति उदासीनता जन्म ले रही है। आजादी के बाद जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास की अपेक्षा की गई थी आज तक वहाँ पहुंचा नही जा सका है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी, भुखमरी, जातिवाद, क्षेत्रवाद, अपराध, आतंक जैसे जन समस्या इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि जनसाधारण इसमें फंस गया




है और लोकतांत्रिक व्यवस्था से उसका विश्वास डगमगाने लगा है। जनमानस को लगता है उनके अमूल्य मतदान का लोकतंत्र का कोई मतलब ही नही है। यही वजह है कि जनता मतदान के प्रति उदासीन हो रही है। इससे व्यक्ति की लोक तांत्रिक स्वतंत्रता पर चिन्ह लग गया है। घटते मतदान से सवाल ये उठता है कि क्या मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान को कानूनी रूप से बाध्य कर दिया जाना चाहिए? लेकिन सवाल यह भी है कि अगर ऐसा कर दिया जाता है तो भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में यह सारा शर्मनाक माना जाएगा। वर्तमान राजनीतिक प्रदूषण के चलते मतदाता खुद को ठगा सा महसूस करता है। कानूनी बाध्यता के बाद स्थित में सकारात्मक बदलाव आएगा या नही यह भी महत्वपूर्ण है। जनता द्वारा जो भी प्रतिनिधि चुने जा रहे हैं वह अपने मतदाता का विश्वास नही जीत पा रहे हैं न ही सदन में जनता के प्रति मयार्दा और जिम्मेदारी भरा आचरण कर रहे हैं। जन-प्रतिनिधियों द्वारा किए जाने वाले गैर जिम्मेदाराना रवैये से ही मतदाताओं में व्यापक रूप से उदासीनता देखने को मिल रही है। कम मतदान होने के पीछे एक प्रमुख कारण अशिक्षा और जागरूकता की कमी भी है। एक वोट या एक मतदान देश व प्रदेश के लिए क्या उपयोगी साबित होगी? लेकिन क्या देश व प्रदेश हित के लिए मतदान करना वास्तव में एक जरूरी है? ऐसे सामान्य प्रश्न में ही गम्भीर उत्तर छुपा हुआ है। जिस तरह से फसलों के लिए पानी, पानी के लिए पेड़-पौधे-हरियाली, खेती लिए इंसान की जरूरत है और इंसान के लिए अनाज-पानी, आवास, शिक्षा, अस्पताल, सड़क, बिजली, रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों व आम मतदाताओं की भूमिका, सक्रियता,संवेदनशीलता से भरे होते हैं। अलग-अलग वर्ग के मतदाताओं को कई बार भ्रम की स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस पर निर्वाचन आयोग लगातार सुधार व नियम-प्रक्रियाओं में संशोधन समय-समय पर करते हैं ताकि मतदाता आसानी से अपने मत या वोट के महत्व को बेहतर तरीके से समझ सके। लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब लोग मतदान करेंगे। देश की प्रगति के लिए सबको मिलकर वोट देना चाहिए। मतदान सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग सभी लोगों को स्वेच्छा के साथ करना चाहिए। हम खुशनसीबों में से हैं कि हमें सरकार चुनने का अधिकार मिला है। हमें इसकी सराहना और कदर करनी चाहिए। यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती ही है कि कोई हवाई जहाज का मालिक हो या ठेला चलाने वाला आम नागरिक, सबको वोट देने का अधिकार है। सभी का मत बराबर है। मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता को बढ़ाना बेहद जरूरी है। लोगों को यह समझाना जरूरी है कि मतदान का महत्व क्या है और मतदान करना क्यों जरूरी है? लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शत-प्रतिशत मतदान होना बेहद जरूरी है। राजनीतिक स्थिरता, विकास और प्रगति के लिए मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। हमे मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए इसके प्रचार-प्रसार की दिशा में काम करना होगा, साथ ही व्यवहारिक विधियों को भी प्रयोग में लाना होगा, जिससे पढ़े-लिखे लोग मतदान के महत्व को समझ सके और अशिक्षा को दूर करके बागी मतदान को बढ़ाने में मदद मिलेगी। अतएव देश व प्रदेश के समुचित विकास, स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए हर मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक है। मतदाताओं को चाहिए स्वयं भी मतदान करें औरों को भी प्रेरित करें तभी मजबूत लोकतंत्र का सपना साकार हो सकेगा।।

**(वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादकीय लेखक)**

## हिन्दी पंचांग के दूसरे महीने में जल दान, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करने की है परंपरा



हिन्दी पंचांग का दूसरा महीना वैशाख शुरू गया है। ये महीना 23 मई तक रहेगा। वैशाख मास में गर्मी पूरे प्रभाव होती है। इस कारण इन दिनों में जल दान करने का महत्व है। इस महीने में अक्षय तृतीया (10 मई) और बुद्ध पूर्णिमा (23 मई) जैसे बड़े व्रत-पर्व आएंगे।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, वैशाख महीने में अपने घर के बाहर पक्षियों के लिए जल और अन्न की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। इन दिनों में अधिकतर नदी-तालाब सूख जाते हैं, जिससे पक्षियों को पीने का पानी नहीं मिल पाता है। जानिए वैशाख मास में कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

इस महीने में हरिद्वार, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, ओंकारेश्वर, नासिक जैसे पवित्र तीर्थों में दर्शन पूजन करने की परंपरा है। इन तीर्थों में बहने वाली पवित्र नदियों में स्नान भी करना चाहिए। तीर्थ दर्शन और नदी में स्नान करने से नकारात्मक विचार दूर होते हैं।

तीर्थ यात्रा करते समय पवित्र नदियों के किनारे पर पितरों के लिए तर्पण आदि शुभ कर्म भी करना चाहिए।

इस महीने में शिव मंदिरों में शिवलिंग पर लगातार जलधारा से अभिषेक करना चाहिए। मंदिरों में शिवलिंग के ऊपर मिट्टी के कलश स्थापित किए जाते हैं। कलश से शिवलिंग पर लगातार गिरती हुई जल की धारा से शिव जी को शीतलता मिलती है। हमें मंदिरों में मिट्टी के कलश दान करना चाहिए।

जलाभिषेक करने के साथ ही शिवलिंग पर बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा, इत्र, जनेऊ, हार-फूल आदि शुभ चीजें अर्पित करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। धूप-दीप जलाएं और आरती करें।

पीपल, नीम, बरगद और अन्य पेड़-पौधों को रोज पानी देना चाहिए। पीपल को श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। इस वजह से इस वृक्ष की पूजा से श्रीकृष्ण की पूजा करने का पुण्य मिलता है।

वैशाख महीने में रोज सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए और सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। अर्घ्य तांबे के लोटे से दें और ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।

सार्वजनिक स्थान जैसे मंदिर, पार्क, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन पर प्याऊ लगवाएं। किसी प्याऊ में मटके का दान भी कर सकते हैं।


जरूरतमंद लोगों को जूते-चप्पल और छाते का दान करें। सूती वस्त्रों का दान करें। गौशाला में हरी घास और गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें।

भगवान विष्णु, महालक्ष्मी और बाल गोपाल का रोज सुबह दूध से अभिषेक करना चाहिए। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं।

## झरोखा वर्ल्ड

बर्क-सुर-मेर, फ्रांस

**37वें अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव के दौरान एक महिला समुद्र तट पर लोगों को पतंग उड़ाते हुए देख रही है**



## फिल्मी हलचल

## भांगड़ा से सेमी क्लासिकल तक : सोनी सब के कलाकारों ने वर्ल्ड डांस डे पर कही ये बातें



**मुंबई, ब्यूरो।** वर्ल्ड डांस डे, जिसे इंटरनेशनल डांस डे भी कहा जाता है, हर साल 29 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य कला के रूप में डांस की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ, इसके सांस्कृतिक महत्व का जश्न मनाना है। यह डांसर्स, कोरियोग्राफर्स और डांस प्रेमियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के मंच की तरह काम करता है, साथ ही डांस की विरासत के संरक्षण और प्रसार का समर्थन भी करता है। इस अवसर पर, सोनी सब के कलाकारों ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी और यादें साझा कीं, साथ ही उनके जीवन और करियर पर डांस के गहरे प्रभाव पर प्रकाश डाला।

सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, डांस बचपन से ही मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। मेरे पिता का उनकी नौकरी में जहां भी ट्रांसफर होता था, वे हमेशा यह सुनिश्चित किया करते थे कि मेरे पास डांस प्रैक्टिस और म्यूज़िक सिस्टम के लिए जगह हो। डांस मुझे बेहद खुशी देता है, हर स्थिति में मुझे शांत रखता है और मेरे लिए यह आध्यात्मिकता का मार्ग है। मेरे पिता की पोस्टिंग के कारण मेरी लगातार बदलती जीवनशैली के बावजूद, मुझ पर हमेशा बॉलीवुड का गहरा प्रभाव रहा, जिसने डांस के प्रति मेरे प्यार को आकार दिया। हर किसी को डांस करना चाहिए, क्योंकि यह केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं है, बल्कि भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम भी है। मुझे डांस पसंद है, और चुनौतियों की परवाह किए बिना, मैं डांस करने और नए डांस फॉर्म सीखने के हर अवसर का आनंद लेती हूं।

सोनी सब के आंगन अपनों का में, पल्लवी शर्मा की भूमिका निभाने वाली आयुषी खुराना ने कहा, डांस से मुझे खुशी मिलती है। जब मैं छोटी थी, तब से ही डांस मेरी खुशी का निरंतर स्त्रोत रहा है। ट्रॉफी जीतने से लेकर स्कूल कार्यक्रमों में परफॉर्म करने तक, डांस हमेशा से मेरा साथी रहा है, जिसने मेरे जीवन को लय और महत्व से भर दिया है। भले ही, मैं कोरियोग्राट्रॉफी नहीं कर सकी, लेकिन डांस के प्रति मेरा जुनून अटूट है। आज, वर्ल्ड डांस डेपर, मैं डांस से मिलने वाली असीम खुशियों और इससे सामने आने वाले सपनों का जश्न मना रही हूं।

सोनी सब के आंगन अपनों का में, दीपिका की भूमिका निभाने वाली नीता शेट्टी ने कहा, मेरा मानना है कि डांस भावनाओं और एहसासों की परम अभिव्यक्ति है।

## करण वी. ग्रोवर एक मानव सर्च इंजन हैं, उनके पास हर सवाल का जवाब है :अनुज सचदेवा



**मुंबई, ब्यूरो।** सोनी सब का 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' 17वीं और 21वीं सदी की पृष्ठभूमि पर आधारित प्यार और समय यात्रा की दिलचस्प कहानी है। हालिया एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि तारा (रिया शर्मा) ने महल में पानी की बर्बादी को बंद करके जल संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों की मदद की। इस बीच, सूर्यप्रताप (करण वी. ग्रोवर), तारा के प्रयासों को बर्बाद करने की कोशिश करता है, जबकि उसका भाई मान सिंह (अनुज सचदेवा) महल में लगे जल प्रतिबंध को लेकर चिंतित है। ऑन-स्क्रीन ड्रामा के बावजूद, जहां मान सिंह हमेशा सूर्य प्रताप को सिंहासन से हटाने के अवसर की तलाश में रहता है, अनुज सचदेवा, करण वी. ग्रोवर और रिया शर्मा के बीच ऑफ स्क्रीन दोस्ती शानदार है, और शॉट्स के बीच एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा समय बिताते हैं। शूटिंग के अलावा, करण और अनुज को राजनीति, अभिनय, फाइनांस, आध्यात्मिकता और फिटनेस पर चर्चा करने का शौक है, और वे चर्चा करते हुए अपने विचारों में समान आधार खोजते हैं। सिनेमा को लेकर उनकी साझा समझ उनकी दोस्ती को और मजबूत करती है।

इसके अलावा, उन्हें सेट पर रिया को चिढ़ाना और उसके मज़ेदार कमबैक का आनंद लेना पसंद है। मान सिंह की भूमिका निभाने वाले अनुज सचदेवा ने कहा, मैं करण को ध्रुव तारा के पहले से जानता हूं, और मुझे कहना होगा, करण जैसे व्यक्ति से कनेक्ट कर पाना आसान काम नहीं है। वे बहुत मुखर हैं, जो हो सकता है कि कुछ लोगों को पहली नज़र में अच्छा न लगे।

## परिवार से दूर रहना हमेशा भावनात्मक रूप से मुश्किल होता है : वसीम मुश्ताक

**मुंबई, ब्यूरो।** सोनी सब का 'आंगन अपनों का' जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) और उनकी तीन बेटियों, पल्लवी (आयुषी खुराना), तन्वी (अदिति राठौर) और दीपिका (नीता शेट्टी) के साथ उनके रिश्ते की कहानी दर्शाने वाला एक प्यारा पारिवारिक ड्रामा है। स्क्रीन पर पारिवारिक बंधनों को प्रदर्शित करने के बीच, अभिनेता वसीम मुश्ताक (दीपिका के पति वरुण) ने शूटिंग के लिए कश्मीर में रह रहे अपने परिवार को याद करने की बात कही। अभिनेता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे शो उनके किरदार और उनके अपने जीवन के अनुभवों के बीच कुछ समानताएं प्रस्तुत करता है। परिवार से दूर रहने पर अभिनेताओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, वसीम ने कहा, परिवार से दूर रहना हमेशा भावनात्मक रूप से मुश्किल होता है, न केवल अभिनेताओं के लिए, बल्कि आजीविका कमाने के लिए देश के अन्य हिस्सों से आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए भी। लेकिन यह हमारा ही चुनाव होता है, इसलिए हम इस तरह से जीना सीख जाते हैं। अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के कारण मुझे अपने गृहनगर कश्मीर गए हुए काफी समय हो गया है। मुझे लगता है कि अपने गृहनगर में जाने से वह हार्ड रीसेट बटन बस यूं ही दब जाती है, जिसकी हमें अपने कार्यस्थल पर समय-समय पर सख्त जरूरत होती है, और अगली बार जब मैं घर जाना तय करूंगा, तो शायद ड्राइव करके कश्मीर जाने की योजना बनाऊं। वसीम न केवल अपने परिवार से दूर रहने के तनाव से जूझ रहे हैं, बल्कि उन्हें अपने किरदार की कहानी और अपनी व्यक्तिगत यात्रा के बीच उल्लेखनीय समानताएं भी पता चली हैं। आंगन अपनों का के एक दृश्य को याद करते हुए, जहां तीनों बेटियां अपने बीमार पिता की देखभाल करती हैं, मुश्ताक ने भी ऐसे ही एक वाकये को याद किया। वसीम ने बताया, गमुझे ऐसी ही एक घटना याद है जब मेरे पिता को चोट लग गई थी और मेरी बहनों ने ही सब कुछ संभाला था, क्योंकि मैं मुंबई में रहता हूं। हमारे शो की तीनों बहनों की तरह, मेरी बहनें भी हमारे परिवार की असली हीरो हैं। मैं आम तौर पर शो से जुड़ाव महसूस करता हूं, क्योंकि मेरी दो बहनें हैं, जो मेरे मुंबई में रहने के दौरान हमारे माता-पिता और अपने ससुराल को बहुत कुशलता से संभाल रही हैं। उन्हें सलाम।



# बोरुंदा जिला ग्रामीण एसपी ने पैदल गस्त कर चुनावी व्यवस्था को परखा



बोरुंदा में पैदल गस्त करते पुलिस अधीक्षक यादव





मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बोरुंदा (मोहम्मद अफजल)।** बोरुंदा जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण धर्मेंद्र यादव ने कहा कि 26 अप्रैल को मतदान पर्व के अवसर पर सभी मतदाता अपने मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने पैदल गस्त कर विभिन्न चुनावी बूथों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेंद्र यादव गुरुवार को बोरुंदा पुलिस थाने में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि निडर एवं भय मुक्त चुनाव करना हमारी पहली प्राथमिकता से एक होगा। उन्होंने 26 अप्रैल को मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में मतदान आवश्यक रूप से करने की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए मतदान करना जरूरी है। जिला पुलिस अधीक्षक ने मतदाताओं को जागरुक होकर अपने अधिकारों के प्रति निष्ठावान होकर मतदान करने का अनुरोध किया।

इससे पहले जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने पैदल गस्त के साथ राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंचायत भवन सहित कस्बे के विभिन्न चुनावी बूथों का निरीक्षण किया । उन्होंने चुनावी व्यवस्थाएं को परखा गया। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए थानाधिकारी देवकिशन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान थाना अधिकारी देवकिशन, डीएसटी टीम प्रभारी करणी दान, एएसआई महेश मीणा, एचसी मनोज बेरवा, सुखी चौहान, जीवनराम देवड़ा, रामेश्वर नेहरा, गौतम खदाव, बद्रीनारायण मीणा, लक्ष्मी, रामराज भंवरिया उपस्थित थे।



## बोरुंदा पुलिस ने आधा दर्जन वाहनों के शीशे से काली फिल्में हटाई

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बोरुंदा (मोहम्मद अफजल)।** बोरुंदा पुलिस ने चार दर्जन से अधिक वाहनों के दस्तावेजों की जांच कर आधा दर्जन से अधिक वाहनों के शीशे पर लगे काली फिल्म को हटाया गया।

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा वाहनों के सघन जांच पड़ताल के साथ काले शीशे लगे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए काली फिल्मों को हटाया गया। पुलिस ने चार दर्जन से अधिक वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की गई ।इस दौरान थानाधिकारी देवकिशन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों की पालना करने का अनुरोध करते हुए निर्धारित गति में ही वाहन संचालन करने एवं वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की । इस दौरान एचसी श्रीराम मीणा, दिनेश पांगा , सुनीता मीणा रामनरेश सहित के पुलिसकर्मी की उपस्थित रहे।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च चुनाव में निडर एवं भय मुक्त मतदान करने का संदेश दिया

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बोरुंदा (मोहम्मद अफजल)।** बोरुंदा थानाधिकारी देवकिशन मंगलवार को पुलिस थाना बोरुंदा के हल्का क्षेत्र में बोरुंदा कस्बा, हरियाढाणा, खोजानगर, रणसीगांव, में बीएसएफ एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लेग मार्च कर 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में निडर एवं भय मुक्त मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में अधिक से अधिक मतदान कर मत प्रतिशत बढ़ाना जरूरी है। थानाधिकारी ने मतदाताओं से जागरुक होकर मतदान में हिस्सा लेने की अपील करते हुए राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में भागीदारी निभाने का आव्हान किया ।थानाधिकारी देवकिशन के नेतृत्व मे एचसी श्रीराम मीणा , रामनिवास , जीवनराम देवड़ा, एफसी दिनेश पांगा, रामनरेश, सुनीता मीणा , बद्रीनारायण मीणा, गौतम खदाव, रामेश्वर नेहरा, सुषमा नेहरा, क्रिटिकल बूथ चेक किए , एचएस और थाने के वांटेड मुलजिमों के घर तलाशी ली गई तथा लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। सीवीजीएल एप डाउनलोड करवाया गया तथा उपयोग करने की विस्तार से जानकारी दी गई।



### सुपरवाइजर मेहरू ने मतदान केन्द्रों की तैयारियों का किया निरीक्षण

## बोरुन्दा में 11 बूथों पर 11646 मतदाता लेंगे भाग

### 6057 पुरुष 5589 महिलाएं पंजियन

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बोरुंदा (मोहम्मद अफजल)।** लोकसभा चुनाव 2024 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा के क्रम में बोरुन्दा परिक्षेत्र के सुपरवाइजर भरतसिंह मेहरू ने कस्बे के भाग संख्या 182 से 192 तक क्षेत्र के सभी 11 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। बुधवार को विभिन्न सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, फर्नीचर और मतदान दलों के लिए बिस्तर आदि जो स्थानीय ग्राम



पंचायत द्वारा मुहैया करवाया जा रहा है ,इसकी जांच की । ग्राम पंचायत बोरुंदा के अटल सेवा केंद्र भवन में स्थापित बूथ संख्या 190 की जांच के अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों से पुरजोर अनुरोध किया गया कि सभी मतदाता 26 अप्रेल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। क्योंकि मत देने का अधिकार हमें हमारे लाखों शहीदों के बलिदान से प्राप्त हुआ है, यह लोकतंत्र का सबसे पवित्र कर्त्तव्य है। मतदान के दिन घर से निकलें मतदान करें, दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें ।

बोरून्दा ग्राम पंचायत में कुल 11646 मतदाता पंजीकृत हैं। जिनमें 6057 पुरूष और 5589 महिला मतदाता हैं। ज्ञातव्य है कि लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल शुक्रवार को होगा ।मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक रहेगा । इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश सोलंकी, बीएलओ जबरचन्द, ग्राम पंचायत सहायक ऊंकारराम बेलदार, ईमित्र संचालक अजहरुद्दीन कुरैशी सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गणेश चौक स्थित ट्रांसफार्मर में लगी आग



मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**बोरुंदा (मोहम्मद अफजल)।** कस्बे के सदर बाजार गणेश चौक स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से विद्युत आपूर्ति ठप्प रही वही कोई अनहोनी नहीं होने से कस्बे वासियों ने राहत की सांस ली।

प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को दोपहर के समय विद्युत ट्रांसफार्मर में अकस्मात आग लग जाने से ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गया सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर 4 घंटे के अंतराल के बाद विद्युत सप्लाई बहाल की।

मधुहीर राजस्थान

### विश्व मलेरिया दिवस

## घर-घर जाकर मलेरिया बचाव की दी जा रही जानकारी

मधुहीर राजस्थान

**फलोदी(पारस लूंकड़)।** विश्व मलेरिया दिवस सीएमएचओ डॉ. अभिषेक अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को मनाया गया, जिसमें डॉ. गिरीश व्यास, (डीप्टी सीएमएचओ), डॉ. लालचन्द देवन्दा, आरसीएचओ, अशोक छीपा, डीपीओ, शिवरतन व्यास, बीपीओ, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। विश्व मलेरिया दिवस के तहत जिले में मलेरिया फ्रेश कार्यक्रम भी मनाया जा रहा हैं। जिले के सभी सातों ब्लॉकों में स्वास्थ्य कार्यकताओं की टीमें बनाकर मलेरिया फ्रेश कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों को मच्छरजनित रोगों एवं बचाव के बारे में बताया जा रहा तथा बचाव की गतिविधियां की जा रही हैं। साथ ही आमजन से अपील की जाती है कि वे 1.अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दे। पानी से भरें गड्डों में मिट्टी भर दें। 2. हैण्ड पम्प के आस पास पानी जमा नहीं होने दें। उसके आस पाल पक्का फर्श व नाली बनाएं। 3. टायरों को बिखरे पड़े न रहने दें। बिखरे पड़े टायरों में पानी जमा होने से मच्छर पनपते हैं। 4. सप्ताह में एक बार पशु व पक्षियों के पानी के बर्तन होदी इत्यादि को सुखाकर ही पानी भरें। 5. पानी के सभी बर्तन, टंकी इत्यादि को पूरी तरह ढक कर रखें। 6. सप्ताह में एक बार कूलर, फलदान आदि को सुखाकर ही उनमें पारी भरे। 7. सभी को कीटनाशक से उपचारित मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। उपचारित मच्छरदानी साधारण मच्छरदानियों की अपेक्षा कहीं ज्यादा सुरक्षा देनी हैं। 8. पानी के भरे हुए स्थल जैसे तालाबों, कुओं व अन्य जलाशयों में गन्दगी ना डालें। 9. कहीं भी ठहरे हुए पानी में, नालियों में एमएलओ/जला हुआ ऑयल डालें।10. जहां पानी ठहरेगा वहां पनपेंगा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया वाला मच्छर। 11. मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के ये लक्षण जैसे सर्दी लगाकर बुखार का आना, सिरदर्द होना, लाल चक्ते होना, कमर, सिर व आंखों में दर्द होना, बदन दर्द होना, उल्टियां आना, मासपेशियां दर्द होना, जोड़ों का दर्द होना, हो तो तुरन्त नजदीकी चिकित्सालय में जांच कराकर उपचार प्राप्त करें।

## पीएम श्री जनवि छान टोंक मनाया प्रेरणा उत्सव





मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**टोंक, (गिरधर सिंह राजावत)।** स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय छान जिला टोंक में विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव मनाया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा 9 से 11 वीं कक्षाओं के कुल 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रेरणा उत्सव के अंतर्गत चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, निबंध लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया विद्यालय प्राचार्य श्री एस. सी. ध्यानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य एस.सी. ध्यानी ने इस मौके विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिया और उनके कलाकर्म की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम संयोजक भवानी सिंह (स्नातकोत्तर शिक्षक आंग्ल) ने बताया कि नौ भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित विषय पर अपने सृजनात्मकता का परिचय कराया। सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रचनात्मक लेखन, कला सृजन से रूबरू कराया । गतिविधियों में से चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## मतदाता मतदान करके चुनाव के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाए : कलेक्टर

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**फलोदी(पारस लूंकड़)।** जिला कलेक्टर एच.एल अटल ने वीडियो संदेश के माध्यम से जिलेवासियों से 26 अप्रैल को लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करके चुनाव के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की गई। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल जोधपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का दिन हैं। जिले के जागरुक मतदाता के रूप में सभी सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के मध्य मतदान करने अवश्य जाएं।




उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी राजकीय व गैर राजकीय संस्थानों में निर्वाचन विभाग द्वारा 26 अप्रैल का अवकाश घोषित किया हैं। सभी मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर निर्भीक होकर धर्म, जाति, समुदाय, भाषा या किसी भी प्रकार के प्रलोभन के बिना मतदान करके लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा लोकतन्त्र के इस महापर्व के लिए मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं छाया,पानी,निषक्त व वृद्धजनों के लिए व्हीलचेयर,कतार प्रबंधन आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। निर्वाचन विभाग के नवाचार के तहत सुबह 7 से 9 बजे के मध्य मतदान करने वाले प्रथम पांच मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। नवविवाहित वर-वधु एवं तीन पीढ़ी के मतदाताओं की एक साथ सेल्फी की वेबसाइट पर पोस्ट करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर फलोदी क्षेत्र के 11 प्रमुख प्रतिष्ठान 10 प्रतिशत तक की छूट देंगे।

## श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के सम्बंध में कलेक्टर ने एसोसिएशन प्रतिनिधियों के साथ ली बैठक

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**फलोदी(पारस लूंकड़)।** जिला कलेक्टर एच.एल अटल ने गुरुवार को व्यापार, नमक उत्पादन व सोनामुखी व्यापार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनावों में श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के सम्बंध बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने चुनाव में श्रमिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने तथा मतदान प्रतिशत बढाने के लिए नवाचार करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक में जिला कलेक्टर ने एसोसिएशन प्रतिनिधियों को 26 अप्रैल को चुनाव आयोग द्वारा घोषित अवकाश की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निदेशों की पालना नहीं करने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मतदान दिवस पर पुलिस टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर ने श्रमिकों द्वारा मतदान करने पश्चात अमिट स्याही का निशान दिखाने पर संस्थान द्वारा श्रमिकों को प्रोत्साहित करने के संबंध में सुझाव दिए।

# जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने बाप में किया फ्लैग मार्च

## आमजन को दिया भयमुक्त मतदान का संदेश

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**फलोदी(पारस लूंकड़)।** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने तथा मतदाताओं को भय मुक्त करने के उद्देश्य को लेकर गुरूवार को जिला कलेक्टर एच.एल अटल व पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बाप उपखण्ड के मुख्य बाजार में पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया। जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने कस्बे में पहुंच कर पैदल फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने व आमजन के मन में कानून व्यवस्था का एहसास कराने के लिए एरिया डोमिनेंस के तहत शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। जिला कलेक्टर ने बताया की लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में मतदाता शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान कर सके इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा प्रत्येक आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायण सिंह राजपुरोहित,उप पुलिस अधीक्षक आयुष विशिष्ठ, तहसीलदार शिव प्रसाद शर्मा, बाप थानाधिकारी महेंद्र शीरवी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### मतदान केन्द्रों व खिदरत चैक पोस्ट का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर एच.एल अटल व पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलौदी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी सिड ,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानसिंह की सिड मतदान केंद्र में चुनाव से पूर्व तैयारियों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने चुनाव से पूर्व की तैयारियों को लेकर बीएलओ से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के जवानों को निर्देश देते हुए कहा की कोई भी मतदाता मतदान केंद्र में मोबाईल फोन नहीं ले कर जाएं।

जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने बीकानेर बॉर्डर खिदरत चैक पोस्ट का देर शाम को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। बिना नंबरों व काले शीशे वाली गाड़ियों जब्त करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले सभी लोगों की आईडी की जांच करने के निर्देश दिए।

## लोकसभा चुनाव 2024: लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व

# मतदान हेतु मतदान केंद्र पर सबसे पहले पहुंचे, पाए पौधरोपण का मौका व प्रमाण पत्र

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक नवाचार

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव हेतु 26 अप्रैल को जोधपुर जिले में मतदान होना है ।मतदाताओं के जागरूकता हेतु स्वीप टीमों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन अपने चरम पर हैं ।जोधपुर शहर स्वीप टीम सह प्रभारी केसर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं ए डी एम जोधपुर शहर प्रथम प्रहलाद सहाय नागा के निर्देशन में जोधपुर शहर स्वीप टीम की सक्रिय सहभागिता से 20 चयनित मतदान केंद्रों पर जहाँ पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा वहां मतदान वाटिका स्थापित की जा चुकी है ।इन मतदान केंद्रों पर स्वीप टीम के राजेश गोदारा , अनुपाल सिंह द्वारा संबंधित सामग्री का वितरण किया गया।



इन मतदान केंद्रों पर मतदान हेतु पहुंचने वाले पहले 5 मतदाताओं से बी एल ओ व अन्य कार्मिको द्वारा वाटिका में पौधरोपण करवाया जाएगा ।साथ ही मतदान केंद्रों पर स्थापित सेल्फी पॉइंट पर मतदाता सेल्फी ले सकते है । महत्वपूर्ण बात यह है कि नव मतदाताओं हेतु सुबह 7 से 9 बजे तक पिछले चुनाव में 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर प्रथम 25 व अन्य सभी मतदान केंद्रों पर प्रथम 20 नव मतदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा ।राजपुरोहित ने बताया की मतदान दिवस पर मतदाता , मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वैकल्पिक दस्तावेजो की सूची अनुसार 12 अन्य दस्तावेज यथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज(फोटो सहित), स्वास्थ्य बीमा कार्ड, आर जी आई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र,दिव्यांग यूनिक आईडी की सहायता से भी मतदाता वोट कर सकता है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप द्वारा ई एपिक कार्ड डाउनलोड कर सकते है , साथ ही बूथ पर मतदाताओ की कतार कितनी लंबी है सुगम्य एप के माध्यम से जान सकते है ।आज स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता वैन द्वारा भी विभिन्न बूथ एवं आस पास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु ऑडियो ,वीडियो के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

## अब बदल जाएगा कैंसर के इलाज का तरीका

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' पीईटी सीटी स्कैन मशीन के उपयोग की शुरूआत हुई

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने आज बड़े गर्व के साथ कैंसर के इलाज में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी- पीईटी (पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) सीटी स्कैनर 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' को लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक उपकरण मरीजों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' पीईटी सीटी स्कैन मशीन वास्तव में कैंसर के इलाज के लिए टेक्नोलॉजी का एक उन्नत संस्करण है, जो बेहतर गुणवत्ता वाली तस्वीर, रेडिएशन की कम डोज, स्कैनिंग की तेज गति और डायग्नोसिस में पहले से कई गुना बेहतर सटीकता जैसे फायदे प्रदान करती है। ये सारी सुविधाएँ अधिक सटीक ढंग से डायग्नोसिस, बेहतर उपचार योजना और कैंसर के उपचार के साथ-साथ चिकित्सा के दूसरे क्षेत्रों में मरीजों के परिणामों में सुधार में योगदान देती हैं। इस तकनीक में एक रेडियोएक्टिव ट्रेसर (पॉज़िट्रॉन का उत्सर्जन करने वाला एक पदार्थ) का उपयोग किया जाता है, जिसे इंजेक्शन के जरिए मरीज के शरीर में डाला जाता है। ट्रेसर शरीर में घूमता रहता है तथा पॉज़िट्रॉन उत्सर्जित करता है, जो इलेक्ट्रॉनों से टकराता है और इस तरह गामा किरणें उत्पन्न होती हैं।

### शहर में गैस पाइपलाइन से गैस रिसाव की घटना

## अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी घटना टली

### सीजीडी इकाई के उत्तरदाता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और 15 मिनटों के भीतर घटना को नियंत्रित कर लिया

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM



**जोधपुर।** शहर में गैस पाइपलाइन से गैस रिसाव की घटना सामने आई श्री प्रमोद टाक एमडी जीवीएनएल जोधपुर और श्री विकास चंद (मजिसा वेल्डिंग और निर्माण कंपनी जेसीबी के मालिक), प्लॉट नंबर 133 सेंट्रल स्कूल स्कीम द्वारा गैस पाइपलाइन से संबंधित जानकारी होते हुवे भी बिना किसी अग्रिम सूचना के कार्य कर रहे थे, घर के बाहर 22.04.2024 को 14:29 बजे गैस पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त हुई। घटना की सूचना मिलने पर, सीजीडी इकाई के उत्तरदाता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और 15 मिनटों के भीतर घटना को नियंत्रित कर लिया। सीजीडी इकाई के अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी घटना टल गई; अन्यथा इस घटना से आसपास को काफी नुकसान हो सकता था।

सीजीडी इकाई द्वारा लगाए गए मार्करों और चेतावनी संकेतों के बावजूद, एजेंसी ने खुदाई के दौरान ध्यान नहीं दिया, जिससे गैस पाइपलाइन को नुकसान हुआ। गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाने का उपरोक्त कृत्य स्पष्ट रूप से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन-ढटढ एक्ट (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962 की धारा 15 (1) और (2) के साथ-साथ आईपीसी 285 और आईपीसी 336 के तहत अपराध का गठन करते हैं। जिसका उल्लंघन संज्ञेय अपराध हैं और रुपए 25 करोड़ तक का जुमार्ना और 3 वर्ष के कारावास का प्रावधान है। सीजीडी इकाई ने अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस कंप्लेंट दर्ज कर एफआईआर का अनुरोध किया है।

### जानकारी होने पर भी हादसे को आमंत्रण

शहर में गैस पाइपलाइन से गैस रिसाव की घटना सामने आई श्री जगदीश राव, प्लॉट नंबर 17 प्रेम सागर बरतन हाउस अपना नगर और श्री मोहन राम देवासी (महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी जेसीबी मालिक) द्वारा गैस पाइपलाइन से संबंधित जानकारी होते हुवे भी बिना किसी अग्रिम सूचना के कार्य करते हुवे, इंडस्ट्री के बाहर 17.04.2024 को 10:53 बजे गैस पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त हुई। घटना की सूचना मिलने पर, सीजीडी इकाई के उत्तरदाता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और 10 मिनटों के भीतर घटना को नियंत्रित कर लिया। सीजीडी इकाई के अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी घटना टल गई; अन्यथा इस घटना से आसपास को काफी नुकसान हो सकता था।

सीजीडी इकाई द्वारा लगाए गए मार्करों और चेतावनी संकेतों के बावजूद, एजेंसी ने खुदाई के दौरान ध्यान नहीं दिया, जिससे गैस पाइपलाइन को नुकसान हुआ। गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाने का उपरोक्त कृत्य स्पष्ट रूप से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन-PMP एक्ट (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962 की धारा 15 (1) और (2) के साथ-साथ आईपीसी 285 और आईपीसी 336 के तहत अपराध का गठन करते हैं। जिसका उल्लंघन संज्ञेय अपराध हैं और रुपए 25 करोड़ तक का जुमार्ना और 3 वर्ष के कारावास का प्रावधान है।

## अधिकतम मतदान करने के लिए मतदाता को किया प्रेरित

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा क्षेत्र सरदारपुरा(127)रतनलाल योगी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत उन मतदान केंद्रों पर जहां पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा वहां जनसंपर्क द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सा विभाग से एएनएम का सहयोग लेकर कई प्रयास किए जा रहे है इसी क्रम में गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जूनियर मिल्ट्री बनाड़ रोड जोधपुर के भाग संख्या 132, के मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अधिकतम मतदान हेतु प्रेरित किया स्वीप प्रभारी हिमांशु कच्छवाहा एवम सह प्रभारी ललित गहलोत के मार्गदर्शन में टीम सदस्यों ने न्यूनतम प्रतिशत वाले मतदान केंद्र भाग संख्या 132 के मतदाताओं से संबंधित क्षेत्र में जाकर घर घर संपर्क कर मतदान का महत्व समझाया ,मतदाताओं ने मतदाता शपथ लेकर अधिकतम मतदान का संकल्प लिया । जिला स्वीप टीम से मोहनराम विश्नोई ने उन्हें सभी ऐप की जानकारी दी एवं नवीनतम सुगम्य पोर्टल के बारे में भी बताया स्वीप टीम से सुमेर राम ने पोस्टर ,स्टीकर, मार्गदर्शिका वितरित की एवं ललित गहलोत ने मतदान हेतु वोटर आईडी के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज के बारे में भी बताया। स्वीप टीम से ललित गहलोत,मोहन राम विश्नोई, सुमेरराम,बी एल ओ रामनिवास ,संतोष भाटी का सक्रिय सहयोग रहा।




## राजस्थान पेन्शनर समाज प्रताप नगर का वार्षिक अधिवेशन 28 को

### — अधिवेशन में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** राजस्थान पेन्शनर समाज,उपशाखा-प्रतापनगर का वार्षिक अधिवेशन 28 अप्रेल रविवार को सांय 4.30 बजे प्रतापनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 4 के सामुदायक भवन में राजस्थान पेन्शनर समाज उपशाखा-प्रतापनगर का वार्षिक अधिवेशन अतिथी सम्मान के साथ प्रारम्भ होगा।

उपशाखा अध्यक्ष देवदास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिथी सम्मान के पश्चात उपस्थित पेन्शनरों को अध्यक्ष द्वारा आभार प्रकट किया जावेगा और सामान्य जानकारियां दी जावेगी। इसके पश्चात सोहन मेड़तिया,महामंत्री द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा और आगामी वर्ष की योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जावेगी। महेन्द्र राखेचा कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष 2023-24 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया जावेगा। जिला शाखा अध्यक्ष एवं समारोह अध्यक्ष श्री ओ पी जोशी द्वारा उपशाखा-प्रतापनगर,जोधपुर को आशीर्वचन उद्बोधन दिया जावेगा।

## जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश के होनहार

### जोधपुर के 17 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 98 व उससे अधिक परसेंटाइल

### 9 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 99 व उससे अधिक परसेंटाइल

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM



**जोधपुर।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने जोधपुर से अपने 17 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है।

उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में भवित गोयल ने 99.82 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 2896, श्रेयांशी चौधरी ने 99.65 परसेंटाइल, हेमंत कुमार गत्तानी ने 99.57 और माधवन सैनी ने 99.56 परसेंटाइल हासिल किए।

स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की।













### सीनियर प्रोफेसर डॉ. सी. आर. चौधरी ने मरीज को दिया नया जीवनदान

# कोलैप्स पड़े फेफड़े में से सुपारी निकाली

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल में मेडिकल ब्रोन्कोस्कोपी ( फाइबर ऑप्टिक ब्रोन्कोस्कोपी) द्वारा निःशुल्क जांच कर 2 महीने से कोलैप्स पड़े फेफ-ड़े में फोरेन बॉडी ( सुपारी ) निकाल कर निदान किया गया।

अधीक्षक डॉ. सी. आर. चौधरी ने बताया कि कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती बालोतरा निवासी गीता देवी पिछले 2 महीने से लगातार खांसी से ग्रस्त थी तथा उसकी सी. टी. स्कैन जांच में दाईं स्वांश नली में फोरेन बॉडी की संम्भावना बताई गई ,इसलिए उस मरीज की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सी. आर. चौधरी की टीम द्वारा फाइबर ऑप्टिक वीडियो ब्रोन्कोस्कोपी(एफ ओ बी), नॉन इनवेसिव अंडर कॉन्शियस सीडेशन के तहत निशुल्क जांच कर स्वांश नली से फॉरेन बॉडी (सुपारी) को सफलतापूर्वक निकाला एंवम साथ ही लगभग 20 एम एल मवाद भी निकाली गईं जिससे मरीज की श्वास नली पूरी तरह खुल गई । डॉक्टर स्टैसी, डॉक्टर नंदलाल ,डॉक्टर स्मृति, डॉक्टर पूरण डॉक्टर लोकेश एवम ओटी स्टाफ नर्शिंग ऑफिसर नेरश, रशिक ने जांच में सहयोग किया।



स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक एवं मुद्रक संजयसिंह चौहान द्वारा माणक ऑफसेट प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 1, बोहरा भवन एमजीएच रोड ,जोधपुर ( राज. ) से मुद्रित एवं 7 जी 58 कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर से प्रकाशित।
संपादक बहादुरसिंह चौहान। फोन नं. : 7737680371, 9530343402, 9828227871

# लोकतंत्र के इस पर्व में सभी मतदाता बढ़चढ़ कर करें मतदान: जिला निर्वाचन अधिकारी

## 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा मतदान

### लोकसभा आम चुनाव-2024

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 25 अप्रैल गुरूवार को दस विधानसभा के मतदान दलों को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय (छात्र) तथा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में तृतीय एवं अंतिम प्रशिक्षण देने के पश्चात निर्धारित वाहनों में मतदान दलों को रवानगी दी गई। गुरूवार को सायं तक सभी मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंच गये है तथा मतदान केन्द्र की तैयारियां कर ली गई है।
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि 26



अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। समस्त मतदान दल 26 अप्रैल को मॉक पोल के पश्चात निर्धारित समय पर वास्तविक मतदान प्रारम्भ करेंगे। साथ ही, आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर प्रेषित करेंगे। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया, रैम्प, वॉलिंटियर, व्हीलचेयर इत्यादि की सुविधाएं होंगी। प्रत्येक विधानसभा में 8 महिला मतदान केन्द्र, 8 यूथ मतदान केन्द्र, एक विशेष योग्यजन, एक मॉडल मतदान केन्द्र और एक ग्रीन मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची में शामिल समस्त मतदाताओं से आग्रह किया है कि 26 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान अवश्य करें। साथ ही, अपने आस-पड़ौस के मतदाताओं को भी मतदान के लिये प्रेरित करें। जोधपुर संसदीय क्षेत्र के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय (छात्र) से 122-फलौदी, 125-ओसियां, 126-भोपालगढ़ तथा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से 123-लोहावट, 124-शेरगढ़ के मतदान दलों को तृतीय प्रशिक्षण, ईवीएम एवं मतदान सामग्री देकर रवानगी दी गई।

## न्यूज फ्लैश

### मतदान जागरुकता संबंधी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM



**जोधपुर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में गुरुवार को मतदान जागरूकता के संबंध में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने बताया कि मतदान के प्रति आम जन में जागरुकता के प्रसार के लिए मंचित इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों-प्रियंका, सरोज, अक्षिता, रक्षा, हफ्सा, ममता, कशिश, प्रियदर्शनी, शिवानी, चंद्र?भान, विवेक ने गहरा संदेश दिया। शिक्षक डॉ. सुनीता यादव व गगनजोत ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) गौरव अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

#### यह हैं वैकल्पिक दस्तावेज

फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/रा'य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी चहह्ल स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है। उन्होंने सभी मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने का आग्रह किया है।

### आदर्श आचार संहिता की पालना में जेडीए दस्ते ने हटाए पोस्टर एवं बैनर

मधुहीर राजस्थान

**जोधपुर।** जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा प्राधिकरण गैंट्रीज पर राजनैतिक पोस्टर व बैनरों को हटाने हेतु निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। लोकसभा आम चुनाव-2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र में बुधवार को चुनाव प्रचार-प्रसार समाप्ति के पश्चात् आदर्श आचार संहिता की अनुपालन में प्राधिकरण दस्ते द्वारा सघन कार्यवाही करते हुए उम्मीदवारों को आवंटित एवं अनुमोदित स्थानों एवं विभिन्न अन्य स्थानों पर अवैध व अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर, फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाया गया। उप सचिव एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी जेडीए कंचन राठौड़ एवं मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षण पश्चिम मय जेडीए दस्ते द्वारा सभी राजनैतिक पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही ध्रुत गति से की जा रही है।

### मीडिया कर्मियों के लिए मतदान कवरेज व्यवस्था

मधुहीर राजस्थान

**जोधपुर** लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए कल 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले मतदान के दिन पत्रकारो व मीडियाकर्मियों को विभिन्न क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर कवरेज के लिए प्रशासन द्वारा ले जाने व लाने संबंधी व्यवस्था की गई है। यह वाहन सूचना केन्द्र कार्यालय जोधपुर से प्रातः 9 बजे प्रस्थान करेंगे। समस्त प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि 26 अप्रैल, 2024 को प्रातः 8.45 बजे तक सूचना केन्द कार्यालय, जोधपुर में पहुंचेंगे।

#### लोकतंत्र का सम्मान- अवश्य करें मतदान

### मताधिकार का सही उपयोग जरूरी करे- विनायकिया

मधुहीर राजस्थान

**जोधपुर।** राष्ट्रीय चुनाव नागरिकों के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी होती है यह लोकतंत्र नागरिकों को सशक्त बनाने में मदद करता है लोकतंत्र का महा उत्सव कई चरणों में देश भर में मनाया जा रहा है इस उत्सव को महत्वपूर्ण बनाना है तो हमें हमारा मत अधिकार का प्रयोग अवश्य करना होगा अगर देश में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ जाएगी तो भारत का विकास कई गुना बढ़ जाएगा।

## आपका वोट आपकी ताकत इस हेतु मतदान अवश्य करेः लोहिया

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर भाग 98 बीएलओ शौकत अली लोहिया के सहयोग से गुरुवार को सरदार दून पब्लिक स्कूल ईदगाह भैरूबाग रोड जालोरी गेट जोधपुर में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर बीएलओ शौकत अली लोहिया ने मतदान के महत्व के बारे में कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में वोट डालना आपका कर्तव्य है। हम सब 'यादा से 'यादा मतदान करें व सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बने। सरदार दून पब्लिक स्कूल बूथ पर मतदान आमजन से अपील की कि मतदाता मतदान स्थल पर शत-प्रतिशत भागीदारी निभाकर अपने मताधिकार का उपयोग कर देश के लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
शौकत अली लोहिया लोहिया ने मतदाताओं के लिए मददगार विभिन्न एप्प जैसे वोटर हेल्पलाइन एप, केवाइसी, सी-विजिल व सक्षम आदि के उपयोग के बारे में विस्तार बताया साथ ही लोहिया



ने कहा कि सरदार दून पब्लिक स्कूल बूथ क्षेत्र के सभी मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए गूगल फॉर्म द्वारा क्विज प्रतियोगिता सहित मतदान शपथ के साथ शत-प्रतिशत मतदान गीत के माध्यम से जागरुक किया गया । सुपरवाइजर अशोक कुमार गुप्ता, स्थानीय बीएलओ नवनीत पुरोहित, रामराज कश्यप, सीमा पालीवाल, बाबु सिंह कोहली, मनीषा वरयानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नेक परवीन बच्चों हुदा नाज़, आलिमा खातुन, मोहम्मद जैद, योगेश, सपना ने आओ मिलकर अलख जगाएँ, शत प्रतिशत मतदान कराएं , आओ सब मिलकर गाएँ ,हम देने वोट जरूरी जाएँ आदि नारे लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## जेडीए की विवेक विहार योजना के भूखण्डों की नीलामी में आमजन का भारी रूझान

जोधपुर। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी से मई के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड़ों की नीलामी की जा रही है।
प्राधिकरण की महत्वकांक्षी विवेक विहार आवासीय योजना के भूखण्ड़ों की नीलामी में आमजन के भारी रूझान एवं उत्साह के मद्देनजर प्राधिकरण द्वारा गुरूवार को भी सेक्टर डी के 05 भूखण्ड़ों का ई-नीलामी में विक्रय किया गया। गुरूवार को भूखण्ड़ों की नीलामी में प्राधिकरण को 40100/-रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई।
प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि विवेक विहार आवासीय योजना के भूखण्ड़ों की नीलामी के क्रम में प्राधिकरण द्वारा दिनांक 26 अप्रैल को सेक्टर डी के भू.सं. 601 एवं सेक्टर एम के भू.सं. 60, 72, 82, 93, दिनांक 29 अप्रैल को सेक्टर एम के भू.सं. 94, 115, 116, 310 व 292 तथा दिनांक 30 अप्रैल को सेक्टर एम के भू.सं. 571, 588, 604, 605 व 621 की नीलामी की जाएगी।
प्रभारी अधिकारी सान्दू ने बताया कि आमजन द्वारा नियमानुसार धरोहर राशि जमा कराने एवं बोली लगाने की अन्तिम तिथि सहित ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट देखी जा सकती हैं।



## मात्र 1 रुपए आम मुस्लिम समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 मई को पोस्टर विमोचन

**— डीजे बजाने, नाचने व आतिशबाजी छोड़ने पर पूर्णतया प्रतिबन्ध व 11000 रुपए जुमार्ना रहेगा**

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** मुस्लिम युवा खिदमत समिति सोजत द्वारा आम मुस्लिम समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन मात्र 1 रुपए में 5 मई 2024 रविवार आयोजित नूर शाह बाबा व मस्ताना शाह बाबा दरगाह परिसर सोजतसिटी आयोजित होने जा रहा है। जिसका आज जोधपुर रेलवे स्टेडियम में पोस्टर विमोचन किया गया। संस्था अध्यक्ष साकीर राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह मात्र 1 रुपए रजिस्टेशन कर विवाह सम्पन्न करवाया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 मई 2025 रविवार को नूर शाह बाबा व मस्ताना शाह बाबा दरगाह परिसर सोजतसिटी में आयोजित किया जा रहा है। जिसकी रजिस्टेशन प्रक्रिया प्रारम्भ हो कर दी गई है। अभी करीब 25 जोड़ा का पंजीयन किया जा चुका है। मीडिया प्रभारी युसूफ रजा खान ने जानकारी देते हुए बताया इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्पूर्ण राजस्थान पाली, जालोर, सिरोही, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर, जयपुर, उदयपुर, बीकानेर के जोड़े इसमें अपना रजिस्टशन करवा सकता है। रजिस्टेशन हेतु दुल्हा–दुल्हन का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड स्कूल मार्केसींट, दो–दो फोटो, 5 मई को दुल्हन 18 वर्ष व दुल्हा 21 का होना अनिवार्य है। उम्र कम होने पर रजिस्टेशन रद्द कर दिया जाएगा। सामूहिक विवाह में डीजे व पटाखा छोड़ने, घोड़ी के आगे नाचना, पैसे लुटाना पूर्ण पाबन्दी रहेगी। विवाह पूर्ण इस्लामी अदब से सम्पन्न करवाया जाएगा। आज जोधपुर रेलवे स्टेडियम में पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान साकीर राजा, सुलेमान खान पठान, अकबर पठान, गुलाम मोहम्मद, आमीर रजा खान,सय्यद साजिद अली पीर, हाजी कमरूद्दीन, बाबू खा मेहर, फकीर मोहम्मद पठान, रिजवान खान भुरजी, यासीन बालक अंसारी, मिशन कौमी एकता संस्था जोधपुर के आशिक खान मुन्ना, अय्युब सुलेमानी, रहीम सांखला, अतीक सिद्दीकी, रफीक कारवां, फिरोज फेम, सरफूद्दीन, लतीफ पठान, मोहम्मद शकील, राजा भाई, शाहरूक खान, आमीन खान पठान, आरीफ खान सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश के होनहार

### सीकर के 9 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 98 व उससे अधिक परसेंटाइल

मधुहीर राजस्थान

**सीकर।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने सीकर से अपने 9 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है।
उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में अनीश बुदानिया ने 99.34 परसेंटाइल (केमिस्ट्री में 100 परसेंटाइल), करन सिंह राठौर ने 99.32 परसेंटाइल, पंकज कुमार ने 99.28 और कृष्ण बिजारणिया ने 99.16 परसेंटाइल हासिल किए।



स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है।







## विविधता में एकता भरा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

मधुहीर राजस्थान
MADHUHEERRAJASTHAN.COM

**जोधपुर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में बुधवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत शृंखला के तहत भारत के सुदूर उत्तर-पूर्वी रा'य असम के केंद्रीय विद्यालय दिनजान के साथ विविधता में एकता भरा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न इस भव्य कार्यक्रम में दोनों केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी। सर्वप्रथम प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने दीप प्र'वलन किया। तत्पश्चात उन्होंने केंद्रीय विद्यालय दिनजान के प्राचार्य नाथू राम जांगिड़ को स्वागत स्वरुप प्रतीकात्मक साफ़ा भेंट किया। विद्यालय के छात्र तुषार गौड़ ने पीपीटी के माध्यम से



राजस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने राजस्थानी संस्कृति की सुगंध समेटे विभिन्न गीत, संगीत, नृत्य के कार्यक्रम पेश किए। छात्र पुष्पेन्द्र सिंह ने वीर दुर्गादास राठौड़ पर केन्द्रित राजस्थानी कविता का पाठ किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत सरकार की इस अद्भुत पहल का स्वागत किया और विद्यार्थियों के लिए भारत को करीब से जानने का इसे सर्वश्रेष्ठ अवसर बताया। केंद्रीय विद्यालय दिनजान के विद्यार्थियों ने भी असम की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली उम्दा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।
अंत में इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुनीता यादव ने इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए शिक्षकों पवन टाक, विक्रम सिंह, सोहन लाल शर्मा, पायल वर्मा, गगन जोत, गिरीन्द्र तलेगाँवकर, केशव वरनोती, दीप्ति जीनगर के प्रति आभार प्रकट किया।